भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1190
उत्तर देने की तारीख : 23 मार्च, 2012

महाविद्यालयों के छात्रों के लिए आकाश-2 टेबलेट्स

1190. श्री मोइनुल हसनः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार महाविद्यालयों के छात्रों में आकाश-2 टेबलेट्स का वितरण करने की योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा टेबलट्स के वितरण और इसके लाभार्थियों के संबंध में कोई मानदण्ड निर्धारित किया गया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डा. डी. पुरंदेश्वरी)

(क) और (ख): सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (एनएमईआईसीटी) के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा मिशन के अंतर्गत अब तक अध्यापक सशक्तिकरण हेत एलसीएडी प्राप्त करने के बाद निम्नलिखित परिणामात्मक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान हेतु एक परियोजना संस्वीकृत की गई थीः-

(i) कम लागत वाले सुलभ-सह-संगणक उपकरणों का अधिग्रहण एवं परीक्षण; और

(ii) कम लागत वाले सुलभ-सह-संगणक उपकरणों का हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर ईष्टतम उपयोग।

दिनांक 5 अक्तूबर, 2011 को 'आकाश' नामक कम लागत सुलभ-सह-संगणक उपकरण (एलसीएडी) शुरू किया गया है। प्रथम चरण में उच्चतर तकनीकी शिक्षा संस्थाओं के विद्यार्थियों के लिए 1,00,000 टैबलेट का लक्ष्य रखा गया है ताकि इसके संचालन तथा उपयोगिता पर तकनीकी फीडबैक प्राप्त की जा सके।

(ग) और (घ): चूंकि ये टैबलेट परीक्षण के लिए थे, विद्यार्थियों को वितरित करने हेतु इनके लिए कोई मानदण्ड निर्धारित नहीं किया गया था। एक बार उत्पादन क्षमताओं का निर्माण हो जाने के बाद टैबलेट के वितरण हेतु मानदण्ड तथा लाभार्थियों का निर्धारण किया जाएगा।

*****